झारखण्ड सरकार
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शि0)–राँची / PDS–12 / 2022 - 200
प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 16.02.2024

विषयः– **राँची जिला अन्तर्गत चान्हों प्रखण्ड के गोदाम Incharge द्वारा राशन डीलर को कम राशन दिये जाने एवं राशि लिये जाने संबंधी प्राप्त परिवाद पत्र पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि श्रीमती होलिका देवी, प्रमुख, चान्हो, जिला–राँची का परिवाद पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। परिवादी द्वारा चान्हों गोदाम Incharge के विरूद्ध PDS डीलर जूही महिला समूह, बरहे को 04 माह से कम राशन दिये जाने का आरोप लगाया गया है। यह भी कि इस कारण डीलर को राशन कार्डधारियों को राशन देने में असुविधा हो रही है। परिवादी द्वारा संबंधित गोदाम Incharge एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के विरूद्ध भी मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। साथ ही इस मामले की जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

अतः प्राप्त परिवाद पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

16/2/24

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx677

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261

(317)

होलिका देवी

प्रमुख चान्हों
जिला- राँची (झारखण्ड)

आवास
ग्राम पंचायत- करकट, पोस्ट- टांगर,
थाना- चान्हो, जिला- राँची (झारखण्ड)
मो0- 9973256930

पत्रांक 20
09/02/2024

दिनांक 02/01/2024

सेवा में,

9/2/24

जिला खाद्यय आपूर्ति विभाग राँची।

09/02/24

विषय – चान्हों प्रखंड गोदाम इनचार्ज द्वारा डिलर को कम राशन देने के और डोर टू डोर पैसा लेने के के सम्बध में।

244
9.2.24

महाशय,

सविनय पूर्वक महोदय से कहना है कि जूही महिला समूह बरहे डिलर को चान्हो गोदाम इनर्चाज चार महिने से कम राशन दे रहे है और डोर टु डोर एक हजार रूपये पैसा भी डिलर से लिया जा रहा है। जनवरी 2024 का आधा राशन 25.12.2023 को मिला एवं ऑनलाइन मे देखने पर 17.01.2024 को भी जनवरी का राशन एलाउमेंट दिखा रहा है जो कि डिलर को मिला ही नही है। जिसके कारण डिलर को कार्ड धारियों को राशन देने मे बड़ी असुविधा हो रही है। गोदाम इनर्चाज और बी0एस0ओ0 को फोन करने पर फोन नही उठाते हैं, लगता है दोनो के मिली भगत से इस तरह का कार्य किया जा रहा है।

अतः आपसे न्रम निवेदन है कि इसकी गहन जाँच हो और जो भी दोषी पाये जाते हैं उसपर कड़ी करवाई हो ताकी भविष्य इस प्रकार के कार्य न हो।

प्रतिलिपि
अध्यक्ष खद्यायन आयोग झारखण्ड सरकार हिनू राँची।

भवदिय